# स्टोर स्टाफ़ के लिये मार्गदर्शिका

**आपको अपने स्टोर में चलाने के लिये कई डिजिटल कौशल की ट्रेनिंग वाले वीडियो प्राप्ह होंगे। ये वीडियो लोगों को ख़ास कर महिलाओं को मोबाइल इंटरनेट का इस्तेमाल करने का तरीक़ा सीखने के लिये बनाए गए है।**

**ये मार्गदर्शिका आपको बताती है कि आप अपने स्टोर में ये वीडियो कैसे चलाएं, ग्राहकों के साथ कैसे साझा करें और अगर उनके कोई प्रश्न हों तो उनका समाधान कैसे करें।**

## पहला वीडियो मोबाइल ऐप्स के बारे में है। फिर सीखने के दो पाथवे या रास्ते बताए गए हैं। हर पाथवे के 4 वीडियो हैं। हर वीडियो आपको कौशल सिखाता है।




Norad

UKaid

# क्या करें

## 1 टीवी पर वीडियो चलाएं

✓ **वीडियो** आपके साथ वॉट्सऐप पर साझा किये गए हैं। इन वीडियोज़ को खुद को ईमेल करें। स्टोर के कंप्यूटर पर अपना ईमेल खोलें और वीडियो डाउनलोड करें। वैकल्पिक रूप से कंप्यूटर पर वॉट्सऐप अकाउंट खोलें और वीडियो डाउनलोड करें। (याद रखें, अगर वीडियोज़ ज़्यादा होंगे तो डाउनलोड में थोड़ा समय लग सकता है)

✓ केवल वही वीडियोज़ डाउनलोड करें जो आपकी स्थानीय **भाषा** में हों (हिंदी)

✓ वीडियोज़ को पेनड्राइव में डालें। उन सभी को एक फ़ोल्डर में रखें, और सुनिश्चित करें कि वो सही **ऑर्डर** में हों (सही क्रम के लिये पिछले पेज पर रेखाचित्र या आरेख के फ़ाईल नाम की जांच करें)

✓ **"ऑटोप्ले"** को ऑन करें, ताकि वीडियोज़ एक बाद दूसरी खुद ही प्ले होती रहें। पेनड्राइव को **टीवी** में डालें और जिस वीडियो को प्ले करना है उसे चुनें।

✓ **वॉल्यूम** को उस लैवल पर सेट करें जहां ग्राहकों को साफ़ साफ़ सुनाई दे सके। अगर हर समय वॉल्यूम के साथ वीडियो चलाने में असमर्थ हैं, तो उन्हें दिन के ऐसे समय में चलाने पर ध्यान दें जब **ग्राहक ज़्यादा** हों, जैसे जब बाज़ार खुले हों वगैरह।

## 2 स्टोर को सेटअप करें

✓ सुनिश्चित करें कि **टीवी स्क्रीन** सही जगह पर हो ताकि ग्राहक उसे देख सकें और साथ ही ये भी ध्यान रखें कि टीवी और ग्राहकों के बीच इतनी जगह होता कि वो आसानी से टीवी देख सकें।

✓ अगर आपकी दुकान में **कुर्सियां** लगाने की जगह हैं, तो उन्हें टीवी स्क्रीन के सामने रखें।

✓ सीखने वालों के लिये दिशा निर्देश वाला जो **पोस्टर** आपको भेजा गया है उसे प्रिंट कराएं और उसे टीवी स्क्रीन के आगे लगाएं।

## 3 ग्राहकों को सपोर्ट करें

✓ ग्राहकों को वीडियोज़ देखने के लिये **प्रोत्साहित करें** जब आप उनकी सेल्स / रिक्वेस्ट को प्रोसेस कर रहे हों।

✓ ग्राहकों को वॉट्सऐप / एसएमएस लिंक / ब्लूटूथ पर वीडियो **भेजें**।

✓ ग्राहकों के वीडियो से संबन्धित किसी भी प्रश्न का **उत्तर** दें। अगले पेज पर कुछ आमतौर पर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर सुझाए गए हैं।

यदि आप किसी तकनीकी परेशानी का सामना कर रहे हैं तो अपने क्षेत्रीय प्रबंधक से संपर्क करें

# वे प्रश्न जो सीखने वाले आप से पूछ सकते हैं

## ये सभी वीडियो किस बारे में हैं? ये मेरी और मेरे परिवार की मदद कैसे करेंगे?

ये वीडियो आपको ये समझने में मदद करने के लिये हैं कि इंटरनेट का इस्तेमाल कैसे करें जिससे आपके जीवन, आपके घर, आपके परिवार और आपके को फ़ायदा पहुंचे। इंटरनेट का इस्तेमाल करने से आपको लगभग सभी विश्यों पर ज़रूरी जानकारी जल्दी से प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। आप अपने परिवार की सेहत, अपने खेत या दूसरे काम, अपने बच्चे की पढ़ाई वग़ैरह के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इंटरनेट आपके परिवार या आपके समुदाय के लोगों, जैसे आपके स्वयं सहायता समूह, आपके बच्चे की टीचर, आंगनवाड़ी दीदी, या अपने बॉस के साथ बात करना या फ़ोटो और वीडियो को साझा करने जैसे काम को आसान बनाता है। आप इंटरनेट का इस्तेमाल ये जानने के लिये भी कर सकते हैं कि नया काम क्या करें जो आपको पैसे कमाने या बचाने में मदद कर सकता है।

## ये वीडियोज़ क्या मैं अपने फ़ोन पर प्राप्त कर सकता हूं ?

**हां, ये वीडियोज़ सभी के देखने के लिये हैं, आप इन्हें साझा कर सकते हैं और सीख सकते हैं** *(ग्राहकों को वॉट्सऐप / एसएमएस लिंक / ब्लूटूथ पर वीडियो भेजें)*

## ये सब काम करने के लिये मुझे किस तरह का फ़ोन चाहिये? क्या ये उंचे मॉडल का होना चाहिये?

**ट्रेनिंग में सिखाए गए कामों को करने के लिये आपको एक एक (स्मार्टफ़ोन टच फ़ोन / बड़े फ़ोन) की ज़रूरत होगी। इसके लिये किसी हाई एंड मॉडल का होना ज़रूरी नहीं है, कोई भी स्मार्टफ़ोन काम करेगा, या स्मार्ट फ़ीचर वाला फ़ोन जैसे कि जियो फ़ोन। जांच करें कि आपके बटन फ़ोन पर वॉट्सऐप वग़ैरह है या नहीं।**

## मेरे पास टच फ़ोन नहीं है। मैं क्या करूं?

**अगर आपके घर में किसी के पास टच फ़ोन है, तो मैं उन्हें ये वीडियो भेज सकता हूं, ताकि आप घर जाने पर फिर से वीडियो देख सकें और उनकी मदद से उनके फ़ोन पर इसे आज़मा सकें। मुझे आपसे उस फ़ोन का फ़ोन नंबर देने की ज़रूरत होगी जिस पर आप मुझे वीडियो भेजना चाहते हैं। यहां तक कि आपके पास अभी टच फ़ोन नहीं है, तो ये भविष्य में सीखने के लिये उपयोगी कौशल है।**

## क्या इन कामों को करने में पैसे लगेंगे?

**आम तौर पर, जब आप अपने फ़ोन पर इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं, तो आप ''डेटा'' नाम की चीज़ का इस्तेमाल कर रहे होते हैं। ये कुछ इस तरह होता है जिसे आपको अपनी स्थानीय दुकान या फ़ोन के ज़रिये ख़रीदने और रिचार्ज करने की ज़रूरत होती है।**